भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

23 अप्रैल 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा मध्य प्रदेश के खजुराहो (छतरपुर) में आयोजित विशाल जन-सभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

विगत चार महीनों में मैं 249 लोक सभा क्षेत्रों का भ्रमण कर चुका हूँ और देश के कोने-कोने में, समाज के हर वर्ग में, हर जगह केवल मोदी ही मोदी हैं। देश की जनता ने केंद्र में पुनः प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के गठन का निर्णय ले लिया है

****

साध्वी प्रज्ञा का भोपाल से नॉमिनेशन हिंदू टेरर की झूठी कहानी गढ़ कर पूरे विश्व में हिंदुओं का अपमान करने वाले कांग्रेस के दिग्विजय सिंह के सामने हमारा सत्याग्रह है

****

दिग्गी राजा ने भगवा आतंकवाद के नाम पर कांग्रेस पार्टी के लिए एक वोट बैंक खड़ा करने की साजिश रची लेकिन भोपाल की जनता दिग्विजय सिंह से इस मुद्दे पर भी दो-दो हाथ करने के लिए तैयार बैठी है

****

हमारी हिंदू संस्कृति को विश्व को ही परिवार मानती है, अहिंसा ही हमारा धर्म है, हिंदू कभी टेररिस्ट नहीं हो सकता। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने फर्जी केस बना कर साध्वी प्रज्ञा को एक साजिश के तहत फंसाया गया है

****

हिंदुओं को बदनाम करने के लिए कांग्रेस की सरकार में असली गुनाहगारों, पाक प्रेरित आतंकवादियों को छोड़ दिया गया और जिसने किसी का नुकसान नहीं किया, उसे आतंकी बता दिया गया, इसकी जिम्मेदारी किस की है?

****

मध्य प्रदेश में सरकार चलाने वालों के घर से 280 करोड़ रुपये के हिसाब-किताब मिले हैं जबकि कांग्रेस सरकार के मध्य प्रदेश में आये लगभग तीन महीने ही हुए हैं। कमलनाथ सरकार के तीन महीने में ही 280 करोड़ रुपये के हिसाब-किताब - ये आखिर किसके हैं? ये पैसे मध्य प्रदेश की गरीब जनता के हैं

****

कमलनाथ जी, आप हमें धमकाने के प्रयास मत करो, आप चाहते हो कि आप की सरकार में बेरोकटोक भ्रष्टाचार होता रहे और कोई भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई कार्रवाई भी न हो, ऐसा नहीं हो सकता

****

आज चार महीने में ही मध्य प्रदेश में फिर से राज्य की जनता को बंटाधारी याद आने लगे हैं। मध्य प्रदेश की जनता के सामने मौक़ा है परिवर्तन का। 2019 का लोक सभा चुनाव भ्रष्टाचारियों को दंडित करने का चुनाव है

****

आजादी के बाद से 55 सालों में कांग्रेस की चार-चार पीढ़ियों की सरकारों ने देश के गाँव, गरीब, दलित, पीड़ित, युवा एवं महिलाओं के जो काम नहीं किया, उससे कहीं अधिक मोदी सरकार ने केवल पांच वर्षों में करके दिखा दिया है

****

मध्य प्रदेश ने तो समय पर किसानों की सूची तक केंद्र सरकार को नहीं दी, ऐसा कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने इसलिए किया क्योंकि उन्हें मोदी जी की बढ़ती हुई अपार लोकप्रियता से डर लगता है। वे कितना भी रोकें, हम पुनः जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से केंद्र में भारी बहुमत से चुनकर आने वाले हैं

****

जहां एक ओर मोदी सरकार आतंकवादियों का सफाया कर देश का भविष्य सुरक्षित करने में लगी है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी एंड कंपनी कहती है कि आतंकवादियों पर बम गिराने की जगह आतंकवादियों से बातचीत क्यों नहीं करते

****

कांग्रेस भले ही वोट बैंक की राजनीति के लिए आतंकियों से बात करने की नीति अपनाये लेकिन हमारे लिए, भारतीय जनता पार्टी के लिए माँ भारती की सुरक्षा सबसे ऊपर है।यह मोदी सरकार है, यदि हमारी सीमाओं पर किसी ने हमला किया तो ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा

****

राहुल गाँधी के साथी उमर अब्दुल्ला देश में दो-दो प्रधानमंत्री की मांग करते हैं, वे जम्मू-कश्मीर को हिंदुस्तान से अलग करने में लगे हैं। राहुल गाँधी और कमलनाथ देश की जनता के सामने स्पष्ट करें कि वे उमर अब्दुल्ला के बयान से सहमत हैं या नहीं

****

कांग्रेस की सोच भले जो हो, हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं, जब तक हमारे शरीर में प्राण हैं, जम्मू-कश्मीर को भारतवर्ष से कोई अलग नहीं कर सकता

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2022 तक ऐसे नए भारत की परिकल्पना को साकार करने का लक्ष्य रखा है जहां हर गरीब के पास अपना घर होगा, घर में बिजली, पानी, गैस कनेक्शन और शौचालय होगा। देश के हर क़िसानों को मासिक पेंशन मिलेगी, देश के हर किसान को हर वर्ष 6000 रुपये की कृषि सहायता मिलेगी

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज मध्य प्रदेश के खजुराहो (जिला छतरपुर) में आयोजित एक विशाल जन-सभा को संबोधित किया और हिंदुओं को बदनाम करने की साजिश रचने और मध्य प्रदेश में तीन महीने में ही भ्रष्टाचार की नई-नई कहानी लिखने वाली कांग्रेस सरकार पर जम कर हमला किया।

श्री शाह ने कहा कि **विगत चार महीनों में मैं 249 लोक सभा क्षेत्रों का भ्रमण कर चुका हूँ और देश के कोने-कोने में, समाज के हर वर्ग में, हर जगह केवल मोदी ही मोदी हैं। देश की जनता ने केंद्र में पुनः प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के गठन का निर्णय ले लिया है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **आजादी के बाद से 55 सालों में कांग्रेस की चार-चार पीढ़ियों की सरकारों ने देश के गाँव, गरीब, दलित, पीड़ित, युवा एवं महिलाओं के जो काम नहीं किया, उससे कहीं अधिक मोदी सरकार ने केवल पांच वर्षों में करके दिखा दिया है।** उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के पांच वर्षों में देश के लगभग 7 करोड़ गरीब माताओं को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए गए, लगभग 10 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया गया, लगभग 33 करोड़ गरीबों के बैंक अकाउंट खोले गए और 16 करोड़ से अधिक लोगों के मुद्रा योजना के तहत स्वरोजगार के लिए ऋण स्वीकृत किये गए। आयुष्मान भारत के तहत देश के 50 करोड़ गरीब लोगों के लिए पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष तक की स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराई गई है जिसके तहत लगभग 15 लाख लोग तीन महीने में ही लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत देश के 12 करोड़ से अधिक किसानों को कृषि सहायता के तौर पर लगभग 6,000 रुपया प्रतिवर्ष दिया जा रहा है जिसकी दूसरी क़िस्त भी किसानों के एकाउंट में ट्रांसफर की जा रही है। उन्होंने कहा कि **मध्य प्रदेश ने तो समय पर किसानों की सूची तक केंद्र सरकार को नहीं दी, ऐसा कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने इसलिए किया क्योंकि उन्हें मोदी जी की बढ़ती हुई अपार लोकप्रियता से डर लगता है।** मध्य प्रदेश की कमलनाथ सरकार किसानों को भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित रखने का पाप कर रही है। कमलनाथ सरकार कितना भी रोके, हम पुनः जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से केंद्र में भारी बहुमत से चुनकर आने वाले है।

श्री शाह ने कहा कि हमने भोपाल में कांग्रेस के दिग्गी राजा (दिग्विजय सिंह) के सामने भारतीय जनता पार्टी से साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को चुनाव मैदान में उतारा है। इससे कांग्रेस के पसीने छूट रहे हैं, कांग्रेस कह रही है कि साध्वी को क्यों लड़ाया, इस पर हिंदू टेरर फैलाने का आरोप है। श्री शाह ने कहा कि **हमारी हिंदू संस्कृति को विश्व को ही परिवार मानती है, अहिंसा ही हमारा धर्म है, हिंदू कभी टेररिस्ट नहीं हो सकता।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने फर्जी केस बना कर साध्वी प्रज्ञा को एक साजिश के तहत फंसाया गया है। समझौता ब्लास्ट और मक्का मस्जिद जजमेंट से यह स्पष्ट हो चुका है कि कोई मीटिंग नहीं हुई, आरोपियों ने कोई षड़यंत्र नहीं रचा। दिग्गी राजा, आपने तो भगवा आतंकवाद का राग अलाप कर हिंदुओं को पूरी दुनिया में बदनाम किया था, हमने तो कोर्ट की लड़ाई लड़ी और निर्दोष छूटे। अब कोर्ट का फैसला भी आ चुका है कि हिंदू टेरर था ही नहीं।** उन्होंने कहा कि **हिंदुओं को बदनाम करने के लिए कांग्रेस की सरकार में असली गुनाहगारों, पाक प्रेरित आतंकवादियों को छोड़ दिया गया और जिसने**

किसी का नुकसान नहीं किया, उसे आतंकी बता दिया गया - इसकी जिम्मेदारी किस की है? साध्वी प्रज्ञा का भोपाल से नॉमिनेशन हिंदू टेरर की झूठी कहानी गढ़ कर पूरे विश्व में हिंदुओं का अपमान करने वाले कांग्रेस के दिग्गी राजा के सामने हमारा सत्याग्रह है। उन्होंने कहा कि **दिग्गी राजा ने भगवा आतंकवाद के नाम पर कांग्रेस पार्टी के लिए एक वोट बैंक खड़ा करने की साजिश रची लेकिन भोपाल की जनता दिग्विजय सिंह से इस मुद्दे पर भी दो-दो हाथ करने के लिए तैयार बैठी है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने सबसे बड़ा काम किया देश को सुरक्षित करने का। उन्होंने कहा कि उ**री में पाक प्रेरित आतंकवादियों के हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और अब पुलवामा में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के बालाकोट में एयरस्ट्राइक करके हिन्दुस्तान ने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि हम अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए कोई भी कदम सकते हैं।** उन्होंने कहा कि **जहां एक ओर मोदी सरकार आतंकवादियों का सफाया कर देश का भविष्य सुरक्षित करने में लगी है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी एंड कंपनी कहती है कि आतंकवादियों पर बम क्यों गिरा रहे हो, आतंकवादियों से बातचीत क्यों नहीं करते। यह मोदी सरकार है, यदि हमारी सीमाओं पर किसी ने हमला किया तो ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा**, गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं को सुरक्षित करने का काम कांग्रेस कभी नहीं कर सकती, यह केवल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार ही कर सकती है। **कांग्रेस भले ही वोट बैंक की राजनीति के लिए आतंकियों से बात करने की नीति अपनाये लेकिन हमारे लिए, भारतीय जनता पार्टी के लिए माँ भारती की सुरक्षा सबसे ऊपर है।**

कांग्रेस और एनसीपी पर हमला जारी रखते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस पार्टी, नेशनल कांफ्रेंस के साथ मिल कर चुनाव लड़ रही है। **राहुल गाँधी के साथी उमर अब्दुल्ला देश में दो-दो प्रधानमंत्री की मांग करते हैं, वे जम्मू-कश्मीर को हिंदुस्तान से अलग करने में लगे हैं। राहुल गाँधी और कमलनाथ देश की जनता के सामने स्पष्ट करें कि वे उमर अब्दुल्ला के बयान से सहमत हैं या नहीं। कांग्रेस की सोच भले जो हो, हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं, जब तक हमारे शरीर में प्राण हैं, जम्मू-कश्मीर को भारतवर्ष से कोई अलग नहीं कर सकता।**

श्री शाह ने कहा कि **मध्य प्रदेश में सरकार चलाने वालों के घर से 280 करोड़ रुपये के हिसाब-किताब मिले हैं जबकि कांग्रेस सरकार के मध्य प्रदेश में आये लगभग तीन महीने ही हुए हैं।** उन्होंने कहा कि **श्री शिवराज सिंह चौहान ने 15 सालों तक मध्य प्रदेश की सेवा की लेकिन जब कांग्रेस ने झूठे आरोपों की राजनीति शुरू की तो शिवराज जी ने सीबीआई जांच तक की सिफारिश की क्योंकि उनका मानना था कि वे सार्वजनिक जीवन में आरोपों के साथ नहीं रह सकते।** इस प्रकार का मापदंड है हमारा। **हमने सार्वजनिक जीवन के उच्च मापदंड तय किये लेकिन कमलनाथ सरकार के तीन महीने में ही 280 करोड़ रुपये के हिसाब-किताब - ये आखिर किसके हैं? ये पैसे मध्य प्रदेश की गरीब जनता के हैं। कमलनाथ जी, आप हमें धमकाने के प्रयास मत करो, आप चाहते हो कि आप की सरकार में बेरोकटोक भ्रष्टाचार होता रहे और कोई भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई कार्रवाई भी न हो, ऐसा नहीं हो सकता।** उन्होंने मध्य प्रदेश की जनता को आगाह करते हुए कहा कि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार मध्य प्रदेश का कोई भला नहीं कर सकती,

आज चार महीने में ही मध्य प्रदेश में फिर से राज्य की जनता को बंटाधारी याद आने लगे हैं। मध्य प्रदेश की जनता के सामने मौक़ा है परिवर्तन का। 2019 का लोक सभा चुनाव भ्रष्टाचारियों को दंडित करने का चुनाव है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2022 तक ऐसे नए भारत की परिकल्पना को साकार करने का लक्ष्य रखा है जहां हर गरीब के पास अपना घर होगा, घर में बिजली, पानी, गैस कनेक्शन और शौचालय होगा। देश के हर किसानों को मासिक पेंशन मिलेगी, देश के हर किसान को हर वर्ष 6000 रुपये की कृषि सहायता मिलेगी।** हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित, समृद्ध, शिक्षित और सुसंस्कृत भारत के निर्माण के लिए एकजुट हो जाएँ।

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव